दादाभाई नौरोजी की 199वीं जयंती

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस](#)

4 सितिंबर, 2024 को **दादाभाई नौरोजी** की **199वीं जयंती** मनाई गई। उन्हें **"ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया"** के रूप में भी जाना जाता है।

- **दादाभाई नौरोजी का योगदान:**
    - **ब्रिटिश सांसद:** वह ब्रिटिश संसद के **पहले भारतीय सदस्य थे। वर्ष 1892 में** उन्होंने **लिबरल पार्टी के उम्मीदवार** के रूप में **सेंट्रल फिन्सबरी सीट** से जीत हासिल की।
    - **इंग्लैंड में संगठनों की स्थापना: वर्ष 1865** में उन्होंने **लंदन इंडियन सोसाइटी की** सह-स्थापना की और **वर्ष 1866** में उन्होंने **ईस्ट इंडिया एसोसिएशन** की स्थापना की।
    - **कॉन्ग्रेस अध्यक्ष: वह तीन बार वर्ष 1886 (कलकत्ता), 1893 (लाहौर) और 1906 (कलकत्ता)** में **कॉन्ग्रेस** के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला।
- **साहित्य: नौरोजी "ड्रेन थ्योरी (1867)"** के प्रमुख समर्थकों में से एक थे, जिसने ब्रिटेन द्वारा भारत के **आर्थिक शोषण को उजागर किया।**
    - **वर्ष 1901** में उन्होंने **पॉवर्टी एंड अन-ब्रिटिश रूल इन इंडिया (Poverty and Un-British Rule in India)** नामक पुस्तक प्रकाशित की।
- **अन्य राजनीतिक योगदान: नौरोजी ने भारतीय विधायी निकायों** के विरोध को संबोधित करने के लिये **ब्रिटिश हाउस ऑफ कॉमन्स** में एक **स्थायी समिति के गठन का समर्थन किया।**
    - **भारत में सुधारों की** पैरवी करने के लिये वर्ष **1893** में उन्होंने ब्रिटिश संसद में एक **भारतीय संसदीय समिति (Indian parliamentary committee)** का गठन किया।
    - वर्ष 1895 में उन्हें **भारतीय व्यय पर रॉयल आयोग (Royal Commission on Indian Expenditure)** में नियुक्त किया गया।

//



और पढ़ें: भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के महत्त्वपूर्ण सत्र

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/199th-birth-anniversary-of-dadabhai-naoroji